Title: Need for reconstruction of the railway bridge at Kachhilaghat at Kasganj-Badaun road.

12.45 hrs.

डा. महादीपक सिंह शाक्य (एटा): उपाध्यक्ष महोदय, कासगंज-बदायूं रोड के काछिला घाट का रेलवे पुल जीर्ण हालत में है। वह कभी भी टूट सकता है। इस घाट से कई रेलगाड़ियां पास होती हैं और सड़क यातायात भी यहीं से होता है। पुल के दोनों ओर सड़क पर वाहन घंटों तक रुके रहते हैं और आने-जाने वालों को काफी प्रतीक्षा में रहना पड़ता है। यहां पर कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस पुल के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मांग की है। मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस काछिला घाट के पुल का शीघ्र निर्माण कराने का कष्ट करें ताकि रेल और सड़क यातायात सुविधा यात्रियों को प्राप्त हो सके।